# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: IX | Department: Hindi | Date of submission: 21.01.2024 |
| --- | --- | --- |
| Worksheet | Topic Comprehensions- MCQ | Note: Pl. file in portfolio |

**प्रश्न- 1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए: 5**

सोना तपने के बाद कंचन बनता है । ठीक यही बात आदमी के साथ भी है । हमारे धर्मग्रंथों में कहा गया है कि दुनिया में सबसे दुर्लभ आदमी का शरीर है । सभी प्राणियों में आदमी को ऊँचा माना गया है और वह इसलिए कि आदमी के पास बुद्धि है, विवेक है । संसार में जितनी भी चीजें आविष्कृत हुई हैं, सब बुद्धि के बल पर हुई हैं । आज हजारों मील की यात्रा घंटों में हो जाती है । यह सब आदमी की बुद्धि से ही सम्भव हुआ है । जिसके पास इतनी चीजें हों वह धन या दुनियादारी की चीजों के पीछे भटके, यह उचित नहीं है । बुद्धि का प्रयोग उसे बराबर आगे बढ़ने के लिए करना चाहिए । जिन्होंने ऐसा किया है, उन्होंने मानवता की बड़ी सेवा की है । उनका नाम अमर हो गया है । धन का खोट आदमी को तब मालूम होता है, जब वह खरा बनने लगता है । खरा बनने का अर्थ यह नहीं है कि घर-बार छोड़ दे, जंगल में चला जाए और भगवान् के चरणों में लौ लगाकर बैठा रहे । बहुत-से लोग ऐसा करते भी हैं, पर यह रास्ता सबका रास्ता नहीं है । उत्तम पुरुष वह है, जो अपनी बुराइयों को दूर करता है और नीति का जीवन बिताते हुए अपने देश और समाज के काम आता है, सबसे प्रेम करता है और सबके सुख-दुःख में काम आता है ।

**प्रश्नः 1. बुद्धि विवेक का प्रयोग किस कार्य में होना चाहिए ?**

{क}सफर को आसान बनाने वाली खोजों में {ख}अधिक से अधिक धन-दौलत जुटाने में
{ग}निरंतर स्वयं का विकास करते रहने में {घ} भौतिक सुख-सुविधाओं को प्राप्त करने में

**प्रश्नः 2. सभी प्राणियों में मानव को सर्वश्रेष्ठ क्यों माना गया है ?**

{क} उसके पास मौजूद बुद्धि और विवेक के कारण

{ख} पशुयों से भिन्न शारीरिक संरचना के कारण

{ग} उसके पास मौजूद धन और दौलत के कारण

{घ} उसके द्वारा की गई विविध खोजों के कारण

**प्रश्नः 3. धन की निरर्थकता का अहसास कब होता है ?**

{क} जब उससे मनमानी वस्तु नहीं मिल पाती है

{ख} घर-संसार का त्याग कर संन्यास ग्रहण करने पर

{ग} यह पता चलने पर कि इससे प्राप्त सुख वास्तविक नहीं है

{घ} यह पता चलने पर कि इसकी मौजूदगी खतरे का कारण है

**प्रश्नः 4. धर्मग्रन्थ किसे दुर्लभ बताते है ?**

{क} अमर होने को  {ख} बुद्धि-विवेक को

{ग} भौतिक उपलब्धि को  {घ} मानव तन को

**प्रश्नः 5. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।**

**कथन (A)** प्रेम और मानवता में विश्वास करने वाला व्यक्ति ।

**कारण (R)** सबसे प्रेम करता है और सबके सुख-दुःख में काम आता है ।

{क} कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

{ख} कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है

{ग} कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है

{घ} कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की उचित व्याख्या करता है ।

**प्रश्न- 2. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए: 5**

ऊँची पर्वत श्रृंखलाओं की बरफ़ीली चोटियों के स्पर्श से शीतल हुई हवा सबसे बेखबर अपनी ही मस्ती में सुबह-सुबह बहती जा रही थी। जब वह जंगलों के बीच से गुजर रही थी, तो फूलों से लदी खूबसूरत वन लता ने अपने रंग भरे शृंगार को झलकाते हुए कहा, ओ शीतल हवा! तनिक मेरे पास आओ और रुको। ताकि मेरी खुशबू से ओतप्रोत होकर इस संसार को शीतलता ही नहीं, सुगंधित भी कर सको लेकिन गर्व से भरी वायु ने सुगंध बाँटने को आतुर लता की प्रार्थना नहीं सुनी और कहा, मैं यूँ ही सबको शीतल कर दूँगी, मुझे किसी से कुछ और लेने की ज़रूरत नहीं है। फिर वह इठलाती हुई आगे बढ़ गई। पर कुछ ही देर बाद हवा वापस वहीं लौटकर आ गई, जहाँ वन लता से उसका वार्तालाप हुआ था। उसकी चंचलता खत्म हो चुकी थी और वह उदास थी। वह चुपचाप उस लता के समीप बैठ गई।

हवा को इस हाल में देखकर वन लता ने पूछा, अभी कुछ देर पहले ही तो तुम यहाँ से गुज़री थी और खुश लग रही थी। अब इतनी उदास दिखाई पड़ रही हो, क्या बात है? क्या मैं

तुम्हारी कुछ मदद कर सकती हूँ? यह सुनकर हवा की आँखों से आँसू झरने लगे। उसने कहा, मैंने अहंकारवश तेरी बात नहीं सुनी और न तेरी खुशबू को ही साथ लिया, लेकिन जैसे ही आगे बढ़ी, गंदगी और बदबू में घिर गई। किसी तरह वहाँ से बचकर आगे बढ़ी और घरों तक पहुँची, लेकिन वहाँ किसी ने मेरा स्वागत नहीं किया। लोगों ने अपने घरों की खिड़कियाँ और दरवाजे बंद कर लिए। इसमें उनका भी कोई दोष नहीं था। उस गंदे क्षेत्र से गुजरने के कारण मुझमें दुर्गंध व्याप्त हो गई थी। भला दुर्गंधयुक्त वायु का कोई कैसे स्वागत करता?

**प्रश्नः 1. हवा को अपनी शीतलता पर घमंड क्यों था ?**

{क} हवा सुगन्धित होकर बहे जा रही थी ।

{ख} हवा सबसे बेखबर मस्ती में बहे जा रही थी ।

{ग} हवा मंद - मंद बहे जा रही थी ।

{घ} हवा नदियों से होकर बहे जा रही थी ।

**प्रश्नः 2. लता ने हवा से क्या प्रार्थना की ?**

{क} बैठ कर आराम करने की । {ख} सुगंध बाँटने की ।

{ग} सुबह - सुबह बहने की । {घ} रुक कर बातें करने की

**प्रश्नः 3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।**

{i} हवा की चंचलता समाप्त हो चुकी थी ।

{ii} हवा खुश और आनंदित थी ।

{iii} हवा उदास हो गई थी ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/ कौन-से कथन सही है/ हैं ?

{क} केवल (i)

{ख} केवल (ii)

{ग} (i) और (iii)

{घ} (ii) और (iii)

**प्रश्नः 4. लोगों ने हवा का स्वागत क्यों नहीं किया?**

{क} हवा बदबू से घिर गई थी । {ख} हवा खुशबू से घिर गई थी ।

{ग} हवा नाराज़ हो गई थी । {घ} हवा रास्ता भूल गई थी ।

**प्रश्नः 5. लोगों ने घरों की खिड़कियाँ ______________ बंद कर लीं ? रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प चुन कर कीजिए ।**

{क} धूल से बचने के लिए {ख} बदबू से बचने के लिए

{ग} धूप से बचने के लिए {घ} तूफान से बचने के लिए